गृहिणी पूरे देश के विकास को देती है गति

- उच्चतम न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला
- गृहिणी के घरेलू श्रम का मूल्य 30 हजार प्रतिमाह

नई दिल्ली, 11 जून. उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में गृहणियों के घरेलू कार्य के मूल्य को 30,000 रुपये प्रति माह निर्धारित करते हुए कहा है कि गृहिणी का योगदान केवल घरेलू कामकाज तक सीमित नहीं है, बल्कि वह परिवार के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं.

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन.के. सिंह की पीठ ने व्यवस्था दी है कि अब से किसी सड़क हादसे में गृहिणी की मौत होने पर उनके परिवार को घरेलू देखभाल के नुकसान के बदले अलग से कम से कम 30,000 रुपये प्रति माह का अतिरिक्त मुआवजा दिया जाएगा. न्यायालय ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत सड़क दुर्घटना मुआवजे के मामलों में पत्नी की घरेलू देखभाल के नुकसान को अब मुआवजे का एक अलग आधार माना जाएगा. पीठ ने एक सड़क दुर्घटना मामले में पीड़ित विधुर (पति) को अतिरिक्त मुआवजा देते हुए कहा कि एक गृहिणी न केवल मानव जीवन को बल्कि पूरे देश के विकास को आगे बढ़ाने में योगदान देती है.

> न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई महिला घर संभालने के साथ-साथ नौकरी भी करती है, तो उसकी वास्तविक आय के आकलन के अलावा यह 30,000 रुपये प्रति माह का मुआवजा अतिरिक्त रूप से मिलेगा. न्यायालय ने गृहिणियों को आश्रित कहने की धारणा को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह सोचना ही विरोधाभासी है. हकीकत तो यह है कि पूरे घर का कामकाज और व्यवस्था मुख्य रूप से गृहिणी पर ही निर्भर करती है. पीठ ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि महिलाओं का बिना वेतन वाला घरेलू काम देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 15 से 17 प्रतिशत का योगदान देता है, जिसे अब तक आर्थिक आकलनों में अनदेखा किया जाता रहा है. यह ऐतिहासिक फैसला साल 2001 में दो जीपों की टक्कर में हुई एक सड़क दुर्घटना से जुड़ा है, जिसमें एक महिला की मृत्यु हो गई थी.

बिहार में वज्रपात की चपेट में आए 5 लोगों की मौत

खगड़िया. बिहार के खगड़िया जिले में गुरुवार को वज्रपात की अलग-अलग घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई, तथा कई अन्य लोग झुलस गए. पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोगरी अनुमंडल क्षेत्र के कन्हौली बहियार में आज सुबह बारिश के दौरान वज्रपात होने से पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. मृतकों की पहचान 62 वर्षीय विधानंद यादव, उनके पुत्र आशुतोष यादव तथा अंकेश कुमार के रूप में की गई है. घटना में कई अन्य लोग भी झुलस गए हैं. सूत्रों ने बताया कि बेलदौर प्रखंड के बलेठा पंचायत अंतर्गत नारदपुर गांव निवासी मणिलाल कुमार की भी वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई.

यूके और यूरोपीय वीजा में भारत का दबदबा

- भारत विश्व में कुशल प्रतिभा निर्यातक, वीजा सूची में शीर्ष
- भारत के पेशेवरों की वैश्विक मांग में लगातार वृद्धि

वाशिंगटन, 11 जून. गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत दुनिया के प्रमुख वीजा कार्यक्रमों में शीर्ष स्थानों पर बना हुआ है

अमेरिका के एच-1बी वीजा कार्यक्रम में भारत सबसे बड़ा स्रोत देश है, जबकि ब्रिटेन के स्किल्ड वर्कर वीजा और यूरोपीय संघ के ब्लू कार्ड कार्यक्रम में भारत दूसरे स्थान पर है. वर्कफोर्स मैनेजमेंट सर्विसेज फर्म डील की रिपोर्ट के अनुसार, भारत वैश्विक स्तर पर कुशल पेशेवरों की आपूर्ति में अहम भूमिका निभा रहा है और बदलते वैश्विक प्रवासन रुझानों का लाभ उठाने की मजबूत स्थिति में है. अब कंपनियां लागत कम करने के बजाय दुर्लभ और उच्च कौशल वाली प्रतिभाओं के लिए अधिक वेतन देने को तैयार हैं.

> रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के गोल्डन वीजा और सामान्य रोजगार वीजा दोनों श्रेणियों में सबसे आगे हैं. वर्तमान में यूएई की कुल आबादी में भारतीयों की हिस्सेदारी लगभग 38 प्रतिशत है।150 से अधिक देशों में 40,000 से ज्यादा कंपनियों के भर्ती आंकड़ों पर आधारित इस रिपोर्ट में पाया गया कि वीजा धारक कर्मचारियों को समान पदों पर काम करने वाले स्थानीय कर्मचारियों की तुलना में अधिक वेतन मिलता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि वैश्विक भर्ती का मुख्य कारण प्रतिभा की कमी है, न कि कम वेतन पर कर्मचारियों को नियुक्त करना।अमेरिका में एच-1बी वीजा धारकों का औसत वेतन 1.40 लाख डॉलर है, जबकि समान पदों पर अमेरिकी नागरिकों का औसत वेतन 1.30 लाख डॉलर है। ब्रिटेन में स्किल्ड वर्कर वीजा धारकों की औसत आय 96,000 पाउंड है, जबकि स्थानीय नागरिकों की आय 87,000 पाउंड है। यूएई में गोल्डन वीजा धारकों की औसत आय 6.05 लाख दिरहम है, जबकि सामान्य रोजगार वीजा धारकों की आय 4.59 लाख दिरहम है. डील के प्लेटफॉर्म पर भारतीय पेशेवरों की भर्ती में सबसे तेज वृद्धि ऑस्ट्रेलिया में दर्ज की गई, जहां साल-दर-साल आधार पर 724 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई.

कांग्रेस उम्मीदवार हर्षजीत देशमुख अस्पताल में भर्ती

नागपुर/अमरावती. महाराष्ट्र में अमरावती से विधान परिषद चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार हर्षजीत देशमुख को बेचैनी महसूस होने के बाद नागपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।इस घटना ने 18 जून को होने वाले मतदान से पहले राजनीतिक अटकलों को जन्म दे दिया है. यह घटनाक्रम महाराष्ट्र के कुछ कांग्रेस नेताओं के उन आरोपों के बीच सामने आया है जिनमें कहा गया था कि देशमुख पिछले कुछ दिनों से संपर्क से बाहर थे. जिससे यह शक पैदा हुआ कि विरोधी राजनीतिक दलों ने चुनाव से पहले उन्हें अपने पाले में कर लिया हो सकता है. उन्होंने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि वह बीमार थे और उन पर

अमृतसर में अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

30 किलो हेरोइन बरामद, छह आरोपी गिरफ्तार

अमृतसर, 11 जून. पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ कर गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 30 किलोग्राम हेरोइन बरामद की.

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी दुबई स्थित एक तस्कर के संपर्क में थे, जो सीमा पार से हेरोइन की खेप पंजाब में पहुंचाने का काम कर रहा था. आरोपी निर्धारित स्थानों से हेरोइन की खेप प्राप्त करते थे और बाद में उसे पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई करते थे. आरोपियों के खिलाफ थाना छेहरटा, अमृतसर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है. मामले की गहन जांच जारी है. जांच एजेंसियां इस नेटवर्क के संपर्कों का पता लगाने, गिरोह से जुड़े नेटवर्क से जुड़े संबंधों को खंगालने में जुटी हुई हैं.

हां मैं बागी हूं : शत्रुघ्न सिन्हा ने तोड़ी चुप्पी

कोलकाता, 11 जून. तृणमूल कांग्रेस के सांसद और बॉलीवुड के वरिष्ठ अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने पार्टी के भीतर कथित असंतोष और बगावत की अटकलों के बीच अपनी राजनीतिक स्थिति को लेकर बड़ा बयान दिया है.

हाल के दिनों में प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करने और उन्हें बधाई देने वाली उनकी सोशल मीडिया पोस्ट के बाद राजनीतिक हलकों में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थीं. कुछ रिपोर्टों में उनका नाम उन नेताओं की सूची में भी जोड़ा जा रहा था, जिन्हें पार्टी से नाराज माना जा रहा था. अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि वह अपने विचार खुलकर रखने में विश्वास करते हैं और अगर किसी की अच्छी बात है तो उसकी सराहना करने में उन्हें कोई संकोच नहीं है. उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देना या उनकी किसी उपलब्धि की प्रशंसा करना राजनीतिक निष्ठा बदलने का संकेत नहीं माना जाना चाहिए. सिन्हा ने कहा कि राजनीति में स्वस्थ संवाद और सम्मान जरूरी है. उन्होंने अपने पुराने अंदाज में कहा, 'हां, मैं बागी हूं', लेकिन इसके साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया कि वह ममता बनर्जी के साथ मजबूती से खड़े हैं. उन्होंने कहा कि जब उनके राजनीतिक जीवन में कठिन दौर आया था, तब ममता ने उन पर भरोसा जताया.

लगाए चोर-चोर के नारे

तृणमूल कांग्रेस के प्रमुख नेता अभिषेक बनर्जी को 11 जून को कोलकाता एयरपोर्ट पर विरोध का सामना करना पड़ा। एयरपोर्ट से बाहर निकलते समय कुछ लोगों ने उनके खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे वहां कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विरोध करने वाले लोगों ने 'गो बैक' और 'चोर-चोर' जैसे नारे लगाए और अभिषेक बनर्जी के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया. कुछ

संस्थाओं को कमजोर करने की साजिश के खिलाफ लड़ना जरूरी

नई दिल्ली, 11 जून. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि देश के सामने महंगाई, बेरोजगारी, परीक्षा घोटाले, सामाजिक असमानता जैसी गंभीर चुनौतियों के साथ ही संवैधानिक संस्थाओं और व्यवस्थाओं को भी कमजोर किया जा रहा है जिनके खिलाफ सख्ती से लड़ने की जरूरत है.

श्री खरगे ने गुरुवार को यहां इंदिरा भवन में कांग्रेस महासचिवों, विभिन्न राज्यों के प्रभारियों और प्रदेश अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिन संस्थाओं और व्यवस्थाओं को बनाने में दशकों लगे, उन्हें कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है. ऐसे में संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा करना कांग्रेस की जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि नीट, विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विवादों ने करोड़ों युवाओं और उनके परिवारों का विश्वास हिला दिया है. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी स्वयं प्रभावित छात्रों और युवाओं से मिले हैं तथा उनकी आवाज को देश के सामने मजबूती से रखा है.

एक नजर में

पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात बदमाश घायल

श्रीगंगानगर, 11 जून. राजस्थान में श्रीगंगानगर के सदर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुरुवार को एक कुख्यात बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया. पुलिस सूत्रों ने बताया कि पंजाब निवासी कुख्यात बदमाश शकील अंसारी श्रीगंगानगर की ओर आ रहा है. पुलिस अधीक्षक हरिशंकर के निर्देश पर रातभर नाकाबंदी की गई. आज तड़के पठानवाला रोड 17-एमएल के पास नाकाबंदी के दौरान बदमाश शकील अंसारी आता दिखा. इस पर पुलिस ने उसे घेरने का प्रयास किया तो उसने पुलिस पर गोली चला दी. जवाबी गोलीबारी में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया. पुलिस ने उसे दबोच लिया. शकील के पास से एक पिस्तौल और कई चक्र गोलियां बरामद की. शकील अंसारी एक कुख्यात बदमाश सरगना है जिसके खिलाफ पंजाब के लुधियाना और पंचकुला में गोलीबारी, दिल्ली में एक व्यापारी पर गोलीबारी और जयपुर में बड़ी मात्रा में हथियारों की आपूर्ति करने जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं.

बांग्लादेश सीमा पर बवाल घुसपैठियों को भागने पर पथराव

नई दिल्ली, 11 जून. पूर्वोत्तर के राज्य मेघालय और बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बुधवार को बवाल हो गया. दरअसल, सीमा सुरक्षा बल द्वारा कथित रूप से एक बांग्लादेशी नागरिक को वापस भेजने की कार्रवाई के बाद दोनों देशों की सीमा पर भारी भीड़ जमा हो गई और पथराव की घटनाएं सामने आईं. घटना मेघालय के दक्षिण पश्चिम गारो हिल्स जिले के महेंद्रगंज क्षेत्र स्थित नंदिर चार सीमा इलाके की बताई जा रही है. संबंधित व्यक्ति ने कथित तौर पर अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था. सुरक्षा एजेंसियों द्वारा हिरासत में लेने के बाद बीएसएफ ने उसे बांग्लादेश की ओर वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू की. हालांकि मामला उस समय उलझ गया जब बांग्लादेश सीमा रक्षक बल और सीमा पार मौजूद स्थानीय लोगों ने कथित तौर पर उस व्यक्ति को स्वीकार करने से इनकार कर दिया.

महान हस्तियों के ट्वीट

टेस्ला और स्पेसएक्स के संस्थापक एलोन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर हाल ही में एक बेहद गंभीर पोस्ट साझा की. एलोन मस्क ने सोशल मीडिया पर निर्दोष लोगों का सिर कलम करने वाले हत्यारे को लेकर अपना गुस्सा जाहिर किया है उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा - अपने ही शहर में निर्दोष लोगों का सिर कलम करने वाले हत्यारे प्रवासी ही लोगों को गुस्सा दिला रहे हैं, न कि सोशल मीडिया!

रिलायंस जियो के प्रमुख और उद्योगपति मुकेश अंबानी के पुत्र आकाश अंबानी ने अपने पिता मुकेश अंबानी को लेकर एक भावुक पोस्ट किया जिसमें मुकेश अंबानी को प्रेरणा बताया उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि मुकेश अंबानी सिर्फ बिज़नेस नहीं बना रहे, वे भारत के विकास की नई कहानी लिख रहे हैं. नई पीढ़ी को बड़े सपने देखने और उन्हें सच करने की प्रेरणा देती हैं.

मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द, ईसी दोषी- राहुल

नई दिल्ली, 11 जून. राज्यसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन के नामांकन रद्द होने के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सीधे बीजेपी और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे सीट चोरी बताया.

प्रतिपक्ष नेता राहुल गाँधी ने सोशल मीडिया एक्स पर मीनाक्षी नटराजन की नामांकन रद्द करने को लेकर बीजेपी और ईसी की मिलीभगत बताया है. उन्होंने पोस्ट में लिखा कि वोट चोरी और सरकार चोरी के बाद, अब बीजेपी और ईसी की मिलीभगत ने सीट चोरी के जरिए चुनाव शुरू होने से पहले ही मुकाबला खत्म कर दिया है. हाल ही में हुए राज्यसभा चुनावों में जो हुआ, उसे देखिए.

कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन जी ने सभी जरूरी दस्तावेज जमा किए थे. उन पर कोई केस भी पेंडिंग नहीं था. फिर भी, ईसी ने बीजेपी की एक बेबुनियाद आपत्ति पर उनका नॉमिनेशन रद्द कर दिया।वहीं, बीजेपी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी जी ने फ़ॉर्म में अपना नाम ही गलत लिखा और कई ज़रूरी जानकारी भी नहीं दीं. इसके बावजूद, ईसी ने उन्हें सब कुछ ठीक करने के लिए और समय दे दिया. चुनाव आयोग वही था. उम्मीदवार दो थे. एक को बिना सुनवाई के ही अयोग्य घोषित कर दिया गया. दूसरे को नियमों का पालन न करने के बावजूद फ़ायदा पहुँचाया गया।जब कांग्रेस ने मीटिंग की मांग की, तो ईसी ने पहले तो हमें टालने की कोशिश की. जब आख़िरकार हमारी मुलाक़ात हुई, तो उन्होंने एक शब्द भी नहीं कहा. आगे भी आपको ऐसा ही बहुत कुछ देखने को मिलेगा – क्योंकि बीजेपी के लिए चुनाव जीतने के मुकाबले चुनाव में धांधली करना कहीं ज़्यादा आसान है.

केरल में पकड़ाए बांग्लादेशी, 700 रुपये में भारतीय

केरल पुलिस की कार्रवाई, 10 बांग्लादेशी नागरिक हिरासत में

- फर्जी दस्तावेजों से भारत में बसे 10,000 बांग्लादेशी
- सिर्फ 700 में आधार-पैन से बांग्लादेशी बन रहे भारतीय

केरल, 11 जून. केरल में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों का सनसनीखेज खुलासा हुआ है. सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस की हालिया कार्रवाई में कोट्टारक्करा इलाके से 10 बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया गया.

प्रारंभिक जांच में पता चला कि राज्य में लगभग 10,000 लोग फर्जी पहचान दस्तावेजों के सहारे भारतीय पहचान बनाकर रह रहे हैं. जांच में सामने आया कि ये बांग्लादेशी सबसे पहले पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जैसे इलाकों में पहुंचते और वहां से शुरुआती फर्जी दस्तावेज बनवाते हैं. इसके बाद बेहतर रोजगार की तलाश में केरल का रुख करते हैं और स्थानीय पते का इस्तेमाल कर भारतीय पहचान अपना लेते हैं. केवल 700 रुपये में इन्हें आधार, राशन कार्ड और पैन जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे थे. इसका उदाहरण मुगल खातून नामक महिला है, जिसने 13 साल पहले केरल में भारतीय पहचान हासिल की और अब कई रिश्तेदारों को बुला रही है. सुरक्षा एजेंसियों ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे के रूप में देखा है. प्रशासन यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि कहीं आपराधिक या राष्ट्रविरोधी तत्व इन दस्तावेजों का दुरुपयोग न करें. स्थानीय लोग भाषाई अंतर के आधार पर असली मजदूर और बांग्लादेशियों में अंतर कर सकते हैं.

> इस पूरे नेटवर्क के पीछे बेंगलुरु का माफिया होने का संदेह है, जो जाली दस्तावेज इतने सटीक बनाता है कि असली और फर्जी का अंतर पहचान पाना मुश्किल हो जाता है. जांच में 'चेन माइग्रेशन' का खुलासा हुआ. सालों पहले आए लोग अपने रिश्तेदारों को भी केरल बुला रहे हैं.

एल्गार परिषद केस में एनआईए की कार्रवाई

मुंबई, 11 जून. राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पुणे एल्गार परिषद-माओवादी कनेक्शन मामले में वर्नोन गोंसाल्वेस और अरुण फरेरा को मिली ज़मानत रद्द करने के लिए एक विशेष न्यायालय में अर्ज़ी दी है. उन्होंने ज़मानत की शर्तों का उल्लंघन किया है क्योंकि वे उन सह-आरोपियों के साथ एक मीटिंग में शामिल हुए जो खुद भी ज़मानत पर बाहर हैं. एजेंसी ने अलग-अलग अर्जियों में आरोप लगाया है कि गोंसाल्वेस और फरेरा ने 19 जनवरी को मुंबई प्रेस क्लब की छत पर हुई एक बैठक में हिस्सा लिया. इस बैठक में कथित रूप से सह-आरोपी आनंद तेलतुंबडे, रोना विल्सन, सुधीर धावले, हनी बाबू और गौतम नवलखा भी शामिल हुए,

सशस्त्र बलों की शक्ति बढ़ाने के लिए एकीकरण जरूरी : अध्यक्ष

नई दिल्ली 11 जून. प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल एन एस राजा सुब्रमणि ने सेनाओं को भविष्य के लिए तैयार और आत्मनिर्भर बनाने के लिए एकीकरण आत्मनिर्भरता और नवाचार (जेएआई) को अहम स्तंभ बताया है.

जनरल सुब्रमणि ने गुरुवार को पश्चिमी वायु कमान मुख्यालय का अपना पहला दौरा किया. उन्होंने पश्चिमी कमान के प्रमुख एयर मार्शल जॉर्ज थॉमस से बातचीत की और अधिकारियों को संबोधित किया. जनरल ने सैन्य कामकाज में एकीकरण की भूमिका पर ज़ोर देते हुए कहा कि सशस्त्र बलों की संचालन क्षमता को बढ़ाने में मानव संसाधन सबसे बड़ी ताकत है. उन्होंने कहा कि बदलते सुरक्षा माहौल में संचालन बढ़त बनाये रखने के लिए तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल, तेज़ी से स्वदेशी क्षमता का विकास और नवाचार की संस्कृति जरूरी है. उन्होंने कहा कि फ्रेमवर्क, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत बनाने और एकीकृत युद्ध क्षमता को बढ़ाने के भारत के व्यापक विजन के अनुरूप है. पश्चिमी कमान भारतीय वायु सेना की सबसे अहम संचालन कमानों में से एक है, जो भारत के पश्चिमी और उत्तरी हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है.

आज का इतिहास

- 1849- गैस मास्क के लिए लुई हैस्लेटो को पेटेंट मिला.
- 1897- असम में भूकंप से करीब 1500 लोगों की मौत हुई.
- 1972- महात्मा गांधी के जीवन पर आठ खंड का ग्रंथ लिखने वाले डी.जी. तेंदुलकर का निधन.
- 1990- इंडियन नेशनल सैटेलाइट (इनसैट-1डी) को लॉन्च किया गया.
- 2005- फ्रांस ने सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का समर्थन दोहराया.
- 2007- ऑस्ट्रेलिया के स्कूलों में सिख छात्रों को धार्मिक प्रतीक कृपाण रखने की इजाजत मिली.

कानून का प्रभावी क्रियांवयन ही असली कसौटी : बिरला

नई दिल्ली, 10 जून. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 2024 बैच के आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों से भारतीय प्रशासनिक सेवा को केवल एक पेशा नहीं बल्कि संविधान, राष्ट्र और नागरिकों के प्रति आजीवन प्रतिबद्धता के रूप में देखने का आह्वान किया.

उन्होंने कहा कि शासन की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि कानूनों और नीतियों को जमीनी स्तर पर कितनी प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है. बिरला ने गुरुवार को संसद भवन में लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र के लिए अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा आयोजित सहायक सचिव के तहत प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है. उन्होंने कहा कि संसद कानून बनाती है, प्रशासनिक तंत्र उन कानूनों की भावना को ठोस परिणामों में बदलता है. लोक सेवक नीतियों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से लोगों की उम्मीदों को वास्तविकता में बदलने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

दस्तक 15 जून तक बारिश का अलर्ट

सात राज्यों के बाद बिहार में मानसून ने दी दस्तक

नई दिल्ली, 11 जून. बिहारवासियों के लिए राहत भरी खबर है. पूर्णिया के रास्ते दक्षिण-पश्चिम मानसून ने गुरुवार को बिहार में दस्तक दे दी. अब 15 जून तक बिहार के सभी जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है.

मौसम विज्ञान केंद्र, पटना की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 11 जून को मानसून राज्य के किशनगंज, अररिया, सुपौल, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा और मधुबनी जिलों तक पहुंच गया है. मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून ने कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ते हुए बिहार के सीमावर्ती जिलों में प्रवेश किया है. विभाग का कहना है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान बिहार के शेष हिस्सों में भी मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल बनी हुई हैं. मानसून के प्रवेश के साथ ही राज्य के कई जिलों में अच्छी बारिश दर्ज की गई. मौसम विभाग के अनुसार किशनगंज जिले के तैयबपुर में सर्वाधिक 148 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई. इसके अलावा सुपौल के सरायगढ़ भपटियाही में 106 मिमी, खगड़िया के बलतारा में 70.4 मिमी, समस्तीपुर के हसनपुर में 67.6 मिमी तथा सीवान के आंदर में 67.4 मिमी बारिश दर्ज की गई.

भारत समेत कई देशों पर अलनीनो की मार

अल नीनो नाम की ग्लोबल क्लाइमेट घटना बारिश के पैटर्न पर असर डाल सकती है और दुनिया के कई हिस्सों में खतरनाक मौसम की स्थिति पैदा कर सकती है. जहां अल नीनो वाले सालों में भारत में अक्सर सामान्य से कम बारिश का खतरा रहता है वहीं इसका असर सिर्फ इसी उपमहाद्वीप तक सीमित नहीं रहता. मौसम एजेंसियों के मुताबिक अल नीनो की वजह से एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका और दक्षिण अमेरिका के देशों में भारी उथल-पुथल होने की आशंका है.

अकाली दल-भाजपा गठबंधन पर सुखबीर का रुख साफ

अमृतसर. पंजाब की राजनीति में शिरोमणी अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी के गठबंधन की खबरें सुर्खियों में हैं. इस बीच शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने गुरुवार को 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों के लिए बीजेपी के साथ संभावित गठबंधन की अटकलों को खारिज कर दिया है. इसको लेकर उन्होंने कहा कि उनका ध्यान अपनी पार्टी को मजबूत करने पर है. सुखबीर सिंह बादल का यह बयान ऐसे समय में आया है जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत बीजेपी के कई नेता पंजाब की सभी 117 विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का संकेत दे चुके हैं. सुखबीर सिंह बादल की पार्टी अकाली दल और बीजेपी के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है.

चीन के गुआंग्शी में भीषण ब्लास्ट, 7 की मौत

- गुआंग्शी में जोरदार धमाका, इलाके में मची भगदड़
- कई गंभीर रूप से घायल, जांच जारी

गुआंग्शी, 11 जून. चीन के गुआंग्शी प्रांत में गुरुवार सुबह एक भीषण धमाके ने इलाके को दहलाकर रख दिया. इस धमाके में सात लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए.

धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि यह कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई। घटना के तुरंत बाद प्रशासन और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं। घायल लोगों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और सुरक्षा बलों ने राहत एवं बचाव कार्य को प्राथमिकता दी. शुरुआती अनुमानों के अनुसार, धमाके के पीछे गैस पाइपलाइन की लीकेज या तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही थी. हालांकि, स्थानीय अधिकारियों ने प्राथमिक जांच के बाद यह स्पष्ट कर दिया कि धमाका गैस पाइपलाइन से संबंधित समस्याओं के कारण नहीं हुआ. वर्तमान में जांच जारी है और अधिकारी सभी संभावित कारणों का निष्पक्ष मूल्यांकन कर रहे हैं। घटना ने स्थानीय जनता में भय और चिंता पैदा कर दी है.

> प्रशासन ने लोगों से सुरक्षित रहने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है. इस ब्लास्ट के कारण इलाके में कुछ समय के लिए यातायात और दैनिक गतिविधियों पर असर पड़ा.